पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने आगरा में आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने हेतु सामग्री वितरित की

गर्भवती महिलाओं की राज्यपाल ने गोद भराई की और दी पोषक सामग्री
–श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ : 29 मार्च, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के तत्वावधान में आयोजित 101 आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने हेतु सामग्री वितरित की। कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं का पालन करने वाली महिलाओं, बच्चों एवं किशोरियों के पोषण में अपनी अहम जिम्मेदारी निभा रही हैं। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां गांव के समस्त स्वास्थ्य कार्यक्रमों से जुड़ी रहती हैं। इस दृष्टि से ये कार्यकत्रियां पूरे गांव की मां की भूमिका में रहती हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों और महिलाओं के विकास को दृष्टिगत रखते हुए ही प्रदेश के राजकीय विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों को गोद लेने और वहां आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने का कार्य आंगनवाड़ी केन्द्रों को आकर्षक बनाने और उनकी उपयोगिता को बनाये रखने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

राज्यपाल जी ने समारोह में 28 महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से आंगनवाड़ी केन्द्रों को बच्चों के लिए पठन–पाठन सामग्री तथा खेल–कूद सामग्री प्रदान की। उन्होंने कहा आंगनवाड़ी केन्द्रों को पढ़ने, लिखने, बैठने एवं खेलने की सामग्री मिलने से बच्चे उत्साहपूर्वक आंगनवाड़ी केन्द्र पर आंएगे। उन्होंने विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय प्रशासन से अपील की कि उनके द्वारा जिन आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुदृढ़ एवं सुविधा सम्पन्न बनाया जा रहा है उनकी समय–समय पर मानीटरिंग भी करें। राज्यपाल जी ने इन

कार्यक्रमों में ग्राम प्रधानों की सहभागिता को भी आवश्यक बताया उन्होंने कहा ग्राम प्रधान की जिम्मेदारी है कि केन्द्र व राज्य सरकार की समस्त योजनाओं का लाभ अपनी ग्राम सभा के लोगों को दिलाए।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने समारोह में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की और उन्हें पोषक सामग्री प्रदान की। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 विनय पाठक ने बताया कि विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की पहल पर आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से "सब पढ़े, सब बढ़े" की योजना को आगे बढ़ाया जायेगा। विश्वविद्यालय न सिर्फ सुविधाओं को पहुंचाने का कार्य करेगा बल्कि इससे बच्चे कैसे लाभान्वित होंगे, इसका भी आंगनबाड़ी स्टाफ को प्रशिक्षण देगा। उन्होंने जानकारी दी कि विश्वविद्यालय से दी जाने वाली सुविधाओं में दो ट्राईसाइकिल, तीन झूले वाले घोड़े, पांच–पांच नम्बर्स, अंग्रेजी और हिन्दी अल्फाबेट, फल, एनीमल्स, ब्लॉक्स, पजेल्स, बाल, क्ले (गोलियां बनाने के लिए), रिंग्स, रस्सी, प्ले बुक, स्टोरी बुक (पंचतंत्र की कहानियां), एजूकेशनल मैप, स्टैण्डर्ड ह्वाइट बोर्ड, मार्कर, डस्टर, स्टील के 5 किलोग्राम के स्टोरेज, वजन मशीन, फर्स्ट एड बाक्स, 24 बर्तन के सेट जिसमें थाली, कटोरे, ग्लास और चम्मच शामिल है, एक ह्वाइट गेज, हैंड वॉश, चार टेबल और 24 कुर्सियां शामिल हैं।

कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रो0 एस0पी0 सिंह बघेल, कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति, महापौर आगरा नवीन जैन, महाविद्यालय एवं शैक्षिणक संस्थानों से आए शिक्षक एवं कार्यक्रम संयोजक तथा बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित थीं।

——————

डॉ0 सीमा गुप्ता/राजभवन (180/34)
सम्पर्क सूत्र 8318116361

की प्रेरणा से

श्रीमती आनंदीबेन पटेल, मा. राज्यपाल, उ.प्र.
की प्रेरणा से